# Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 25/02/2025 |
| Exam Time | 12:00 PM - 1:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** यदि '÷' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

11 − 9 ÷ 2 + 16 × 8 = ?

**Ans**
1. 28
2. 25
3. 27 ✔
4. 26

**Q.2** यदि शब्द DAUGHTER के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**
1. तीन
2. एक
3. चार
4. दो ✔

Adda247

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund


IBPS

NABARD


ATTEMPT FREE MOCK NOW


Adda247 GET IT ON Google Play


**Q.3** कागज़ की एक वर्गाकार शीट को दर्शाई गई दिशाओं में बिंदुदार रेखा के अनुदिश क्रमशः मोड़ा जाता है और अंतिम बार मोड़ने के बाद फिर इसमें छेद (punch) किया जाता है। खोले जाने पर यह कागज़ कैसा दिखाई देगा?




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

**Q.4** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LQAB' को '32' के रूप में और 'CMGP' को '39' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'SJZC' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**

✗ 1. 42

✓ 2. 58

✗ 3. 49

✗ 4. 60

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.5** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
ABC FGH LMN STU ?

**Ans**
1. WXY ✗
2. RST ✗
3. ABC ✓
4. IJK ✗

**Q.6** छह मित्र, A, B, C, K, L और M, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। A और M के बीच केवल दो मित्र बैठे हैं। B, M के ठीक बाईं ओर बैठा है। C के दाईं ओर कोई मित्र नहीं बैठा है। C और B के बीच केवल दो मित्र बैठे हैं। B, L के ठीक दाईं ओर बैठा है। K के बाईं ओर कितने मित्र बैठे हैं?

**Ans**
1. चार ✓
2. तीन ✗
3. एक ✗
4. दो ✗

**Q.7** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'mind your words' को 'at bd kj' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'use words wisely' को 'hk kj bo' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'words' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

**Ans**
1. hk ✗
2. kj ✓
3. bd ✗
4. at ✗

**Q.8** दी गई शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

5 14 22 48 56 ?

**Ans**
1. 121 ✗
2. 116 ✓
3. 112 ✗
4. 161 ✗

**Q.9** एक निश्चित कूट भाषा में,
'A / B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A : B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
'A ! B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' और
'A < B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'।


यदि 'T < I / M : E ! S' है तो T का S से क्या संबंध है?

**Ans**
1. भाई की पत्नी की माता ✗
2. भाई की पत्नी का पिता ✗
3. भाई की पत्नी की बहन ✗
4. भाई की पत्नी का भाई ✓


Adda247


Adda247
GET IT ON Google Play


**Q.10** एक कागज को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर पंच किया (punched) जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?




**Ans**

✗ 1.


✓ 2.


✗ 3.


✗ 4.


**Q.11** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
✗ 1. MOL
✗ 2. OQN
✗ 3. UWT
✓ 4. GHF

**Q.12** उस अक्षर-संयोजन का चयन कीजिए, जिसके अक्षरों को रिक्त स्थानों में उसी क्रम में भरने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।

_GIMK_JNLI_OMJL_ NKM_

**Ans**
✗ 1. FHMPT
✓ 2. JHKPQ
✗ 3. FIMRT
✗ 4. JIKRQ

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.13 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

45 45 46 50 59 ?

Ans
1. 77
2. 76
3. 74
4. 75

Q.14 ZLER अँग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से BJBT से संबंधित है। उसी तरीके से NDSG, PBPI से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, YIHB निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
1. ACDC
2. ZIDF
3. AGED
4. BHFE

Q.15 आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति 1 में - W, O, R और K बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति 2 में - P, A, S और T बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
इस प्रकार, पहली पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर है।
K, R के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। T, A के दाईं से दूसरे स्थान पर बैठा है। A और P के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O, S के सम्मुख है।
निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, पंक्तियों के अंतिम छोरों पर बैठे दोनों व्यक्तियों को निरूपित करता है?

Ans
1. P और O
2. O और T
3. S और W
4. R और P


Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.16** निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंधों को सटीक रूप से निरूपित करने वाले वेन आरेख का चयन कीजिए।


वर्णमाला, व्यंजन, स्वर

**Ans**


✗ 1.




✗ 2.



✗ 3.



✓ 4.



**Q.17** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर MEGA एक निश्चित प्रकार से OFIB से संबंधित है। UIOE ठीक उसी प्रकार WJQF से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए ALUH दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**

✗ 1. CMIW


✗ 2. WCMI

✗ 3. CWMI

✓ 4. CMWI

Adda247
GET IT ON Google Play


**Q.18** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




(X)

**Ans**


✗ 1.




✗ 2.




✓ 3.




✗ 4.





**Q.19** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर तार्किक रूप से श्रृंखला पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

✔ 1. 

✘ 2. 

✘ 3. 

✘ 4. 

**Q.20** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी ड्रेस, कपड़े हैं।
सभी शर्ट, कपड़े हैं।
सभी टाई, कपड़े हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ टाई, ड्रेस हैं।
(II): कुछ शर्ट, टाई हैं।

**Ans**

✔ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

✘ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✘ 3. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।

✘ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.1** भारत के निम्नलिखित पड़ोसी देशों में से कौन-सा देश धर्मनिरपेक्ष है?

**Ans**
✗ 1. अफ़गानिस्तान
✓ 2. नेपाल
✗ 3. मालदीव
✗ 4. पाकिस्तान

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा निकाय, भारत के किसी भी राज्य का नाम बदलने के लिए प्राधिकृत है?

**Ans**
✗ 1. राज्यपाल
✓ 2. संसद
✗ 3. मंत्रिपरिषद
✗ 4. भारत के मुख्य न्यायाधीश

**Q.3** गल्फ धारा (Gulf Stream) किस महासागर की तेज़, गर्म समुद्री धारा है?

**Ans**
✗ 1. दक्षिणी महासागर
✓ 2. अटलांटिक महासागर
✗ 3. हिंद महासागर
✗ 4. प्रशांत महासागर

**Q.4** आधुनिक अर्थव्यवस्था में सेवा उद्योग क्यों महत्वपूर्ण है?

**Ans**
✓ 1. यह आर्थिक विकास में सहायक गतिविधियों के प्रावधान में मुख्य भूमिका निभाता है।
✗ 2. यह आवश्यक वस्तुओं का विनिर्माण करता है।
✗ 3. यह अन्य उद्योगों को कच्चा माल प्रदान करता है।
✗ 4. यह केवल लघु व्यवसायों को ही प्रभावित करता है।

**Q.5** 2023 में एआईएफएफ-फीफा (AIFF-FIFA) फुटबॉल अकादमी भारत के किस शहर में शुरू की गई?

**Ans**
✓ 1. भुवनेश्वर
✗ 2. दिल्ली
✗ 3. सोलन
✗ 4. कोलकाता

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन गलत है/हैं?

i. भारत सरकार ने 2016 में 'राष्ट्रीय कृषि बाज़ार' ('e-NAM') योजना शुरू की।
ii. भारत में, वर्ष 2020-21 के लिए कृषि ऋण प्रवाह (agriculture credit flow) ₹15,75,398 करोड़ था।
iii. भारत सरकार ने 2023 में 'राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - ऑयल पाम' ('NMEO-OP') लॉन्च किया।

**Ans**
✗ 1. केवल i और ii
✗ 2. केवल ii और iii
✓ 3. केवल iii
✗ 4. केवल i

**Q.7** 'मानसखंड' विषय पर आधारित _____ की झांकी को 2023 में 17 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों में से सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार दिया गया।

**Ans**
✗ 1. उत्तर प्रदेश
✓ 2. उत्तराखंड
✗ 3. बिहार
✗ 4. गुजरात

Adda247

Q.8 त्रावणकोर के राजा स्वाति तिरुनल के संरक्षण में 19वीं शताब्दी से कौन-सी नृत्य शैली विकसित हुई?

Ans
1. कुचिपुड़ी ✗
2. कथक ✗
3. मोहिनीअट्टम ✓
4. कथकली ✗

Q.9 किस यूनानी राजदूत ने चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार की अपनी यात्रा के दौरान अपने अवलोकनों को लिपिबद्ध किया?

Ans
1. प्लिनी द एल्डर (Pliny the Elder) ✗
2. हेरोडोटस (Herodotus) ✗
3. मेगस्थनीज (Megasthenes) ✓
4. टॉलेमी (Ptolemy) ✗

Q.10 अक्टूबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव कौन हैं?

Ans
1. डॉ. रोशन बसु ✗
2. डॉ. अजीत कुमार मोहंती ✓
3. राकेश सिन्हा ✗
4. रमेश चौहान ✗

Q.11 शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान का जन्म डुमरांव (Dumraon) शहर में हुआ था जो अब भारतीय राज्य _______ में स्थित है।

Ans
1. बिहार ✓
2. केरल ✗
3. राजस्थान ✗
4. हिमाचल प्रदेश ✗

Q.12 1942 में 'करो या मरो (Do or Die)' के आह्वान के साथ कौन-सा आंदोलन शुरू किया गया था?

Ans
1. असहयोग आंदोलन ✗
2. स्वदेशी आंदोलन ✗
3. सविनय अवज्ञा आंदोलन ✗
4. भारत छोड़ो आंदोलन ✓

Q.13 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की अनुसूचित जनजातियों के लोगों की साक्षरता दर कितनी है?

Ans
1. 76.23% ✗
2. 51.23% ✗
3. 84.90% ✗
4. 59.00% ✓

Q.14 वसंतलक्ष्मी नरसिम्हाचारी (Vasanthalakshmi Narasimhachari), जिन्होंने नृत्य कलानिधि पुरस्कार 2023 सम्मान प्राप्त किया, किन दो नृत्य शैलियों में उत्कृष्ट हैं?

Ans
1. सत्रिया और मोहिनीअट्टम ✗
2. भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी ✓
3. कथक और ओडिसी ✗
4. मणिपुरी और छऊ ✗

Q.15 एक धनुष, एक डोरी, एक ब्रेसर, एक फिंगर टैब, एक तरकश, एक धनुष स्टैंड, एक धनुष प्रत्यंचा और निशाना साधने के लिए एक लक्ष्य, _________ के उपकरण हैं।

Ans
1. बॉबस्लेय ✗
2. तलवारबाजी ✗
3. तीरंदाजी ✓
4. निशानेबाजी ✗

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.16 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा मूल सूची में कितने राज्य-नीति निदेशक तत्व जोड़े गए थे?

Ans
✗ 1. छह
✗ 2. दो
✗ 3. सात
✓ 4. चार

Q.17 नीचे टीकाकरण (vaccination) के बारे में कुछ कथन दिए गए हैं। सही कथन/कथनों का चयन कीजिए।

कथन A: टीकाकरण में, रोगजनकों या निष्क्रियित/दुर्बलीकृत रोगजनकों (टीका) के प्रतिजनी प्रोटीन के विरचन को शरीर में प्रवेश कराया जाता है।
कथन B: टीके, मेमोरी-बी (memory-B) और टी-कोशिकाएँ (T-cells) बनाते हैं जो रोगजनकों को तुरंत पहचान लेते हैं।

Ans
✗ 1. केवल कथन A सही है
✓ 2. कथन A और B दोनों सही हैं
✗ 3. कथन A और B दोनों गलत हैं
✗ 4. केवल कथन B सही है

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व यूरिया में मौजूद होता है?

Ans
✗ 1. केवल हाइड्रोजन और नाइट्रोजन
✗ 2. केवल कार्बन और नाइट्रोजन
✗ 3. केवल कार्बन, हाइड्रोजन और नाइट्रोजन
✓ 4. कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन और नाइट्रोजन

Q.19 विदेशी व्यापार का बाज़ारों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
✗ 1. यह प्रतिस्पर्धा को कम करता है।
✓ 2. इससे बाजारों का अधिक एकीकरण होता है।
✗ 3. यह घरेलू वस्तुओं को अधिक महंगा कर देता है।
✗ 4. यह बाजारों को अलग-थलग कर देता है।

Q.20 पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना कब शुरू की गई थी?

Ans
✗ 1. नवंबर 2024
✗ 2. अक्टूबर 2024
✓ 3. फरवरी 2024
✗ 4. मार्च 2024

Adda247

## Section : Part-C-Elementary Mathematics

Q.1 वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 711 और 1040 को भाग देने पर क्रमशः 48 और 20 शेषफल प्राप्त हो।

Ans
✗ 1. 71
✓ 2. 51
✗ 3. 32
✗ 4. 63

Q.2 अनुपात 12 : 13, 7 : 8, 9 : 10, और 5 : 6 की तुलना करें। इनमें से कौन-सा, 0.9 से बड़ा लेकिन 0.95 से छोटा है?

Ans
✗ 1. 9 : 10
✗ 2. 5 : 6
✗ 3. 7 : 8
✓ 4. 12 : 13

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.3 अक्षय, अतुल और बबन का औसत वज़न 46 kg है। यदि अक्षय और अतुल का औसत वज़न 39 kg है और अतुल और बबन का औसत वज़न 46 kg है, तो अतुल का वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 52
2. 47
3. 32 ✔
4. 42

Q.4 एक व्यक्ति 6 घंटे में 60 km की कुल दूरी तय करने की योजना बनाता है, जिसमें से वह यात्रा का कुछ भाग पैदल और शेष भाग साइकिल से तय करता है। उसकी पैदल चलने की चाल 6 km/hr है, और उसकी साइकिल की चाल 12 km/hr है। वह पैदल कितनी दूरी (km में) तय करता है?

Ans
1. 16
2. 15
3. 12 ✔
4. 14

Q.5 अशोक के पास ₹1612 हैं। उसने इसे अपने पुत्रों राज और वरुण के बीच बांट दिया तथा उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाले 8% ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि राज और वरुण को क्रमशः 16 और 17 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। अशोक ने राज को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
1. 775
2. 687
3. 837 ✔
4. 875

Q.6 मंदार ने एक कैलकुलेटर खरीदा और उसे केतन को 5% लाभ पर बेचा। केतन ने उसे तुषार को 25% हानि पर बेचा। यदि तुषार ने ₹3780 का भुगतान किया, तो मंदार द्वारा खरीदे गए कैलकुलेटर का क्रय मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
1. 4800 ✔
2. 4550
3. 4600
4. 4950

Q.7 वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर अमित ₹5400 की राशि का निवेश करता है और गोपाल ₹10200 की राशि का निवेश करता है। यदि 4 वर्ष के अंत में, गोपाल को अमित से ₹960 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 4
2. 5 ✔
3. 3
4. 7

Q.8 66 - 2 × [ 10 + 2 × { 18 - 2 ( 7 - 4 ) × 3} ÷ 50] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 46 ✔
2. 41
3. 54
4. 42

Q.9 यदि x, y के अनुक्रमानुपाती है तथा x = 3 होने पर y = 5 है, तो x = 7.8 होने पर y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 12
2. 13 ✔
3. 14
4. 11

Q.10 दो ट्रेनें 140 km/h और 80 km/h की चाल से विपरीत दिशाओं से आ रही हैं। एक ट्रेन की लंबाई 340 m है। उन्हें एक दूसरे को पार करने में 11 सेकंड का समय लगता है। दूसरी ट्रेन की लंबाई (m में) दशमलव के 2 स्थानों तक ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 332.22
✘ 2. 330.83
✘ 3. 330.66
✘ 4. 331.39

Q.11 मुकुंद के दो पोते सचिन और चेतन हैं। 13 वर्षीय सचिन को मुकुंद की संपत्ति से कुछ धनराशि मिलती है और 14 वर्षीय चेतन को बाकी धनराशि मिलती है। लेकिन सचिन और चेतन को धनराशि तभी मिलेगी जब वे 23 वर्ष के हो जाएंगे। तब तक धनराशि बैंक में जमा रहेगी और उस पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 10% वार्षिक दर पर ब्याज मिलेगा। जब दोनों 23 वर्ष के हो जाते हैं, तो उन्हें समान धनराशि मिलती है। यदि मुकुंद के पास कुल धनराशि ₹25200 थी, तो मुकुंद ने चेतन को शुरुआत में कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
✔ 1. 13200
✘ 2. 12000
✘ 3. 11750
✘ 4. 13550

Q.12 किसी कार्य को 8 दिनों में पूरा करने के लिए 10 पुरुष या 15 महिलाओं की आवश्यकता होती है। यदि 12 दिनों में कार्य पूरा करने के लिए 'x' पुरुषों और 'y' महिलाओं की आवश्यकता हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही है?

Ans
✘ 1. $2x + 3y = 20$
✘ 2. $3x + 2y = 30$
✔ 3. $3x + 2y = 20$
✘ 4. $2x + 3y = 30$

Q.13 मूल्यांकन कीजिए : (-9) - (-60) ÷ (-12) + (-4) × 7

Ans
✔ 1. -42
✘ 2. -45
✘ 3. -44
✘ 4. -41

Q.14 पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 40% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 12% की वृद्धि हो?

Ans
✘ 1. 86%
✘ 2. 18%
✘ 3. 80%
✔ 4. 20%

Q.15 यदि 30, 45 और 50 विद्यार्थियों वाली कक्षा IX के तीन वर्गों के औसत अंक क्रमशः 80, 75 और 90 हैं, तो कक्षा IX के सभी विद्यार्थियों के औसत अंक कितने हैं?

Ans
✘ 1. 80.9
✔ 2. 82.2
✘ 3. 78.4
✘ 4. 85.6

Q.16 मूल्यांकन कीजिए : 32 ÷ 8 × 3 - 2 × 3

Ans
✘ 1. 5
✘ 2. 8
✔ 3. 6
✘ 4. 9

Adda247

Q.17 यदि x का 4% = 120 है, तो x ____ के बराबर है।

Ans
✔ 1. 3000
✗ 2. 6100
✗ 3. 6000
✗ 4. 3100

Q.18 '10 खरीदें, 6 मुफ्त पाएं' स्कीम के लिए प्रभावी छूट ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 37.5%
✗ 2. 60%
✗ 3. 62.5%
✗ 4. 73.5%

Q.19 12 cm × 14 cm × 8 cm आकार का एक बॉक्स बनाने के लिए आवश्यक कार्ड बोर्ड का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 748
✗ 2. 764
✗ 3. 736
✔ 4. 752

Q.20 एक विक्रेता ने ₹375 प्रति शर्ट की दर से 120 शर्ट खरीदी और उन्हें ₹48,600 में बेच दिया। उसका लाभ/हानि प्रतिशत क्या है?

Ans
✔ 1. 8% लाभ
✗ 2. 8% हानि
✗ 3. 12% हानि
✗ 4. 12% लाभ

Section : **Part-D-English**

**Q.1 Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Even though the project seemed overwhelming at first, we took it <u>slowly and carefully</u> and got it done in no time.**

Ans
✗ 1. one step ahead
✗ 2. one step closer
✗ 3. one step fix
✔ 4. one step at a time

**Q.2 Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Atul lit the candle with a <u>match</u>. 'Match' here means ________________.**

Ans
✗ 1. a piece of decorative or protective material placed on the tip of a stick
✗ 2. a contest in a game or sport
✔ 3. a short stick with a tip that ignites when rubbed on a rough surface
✗ 4. a piece of stone

Adda247

Q.3 Select the word that best completes the given sentence. Determine the collocation through the sentence.

Hari _________ advantage of the sale and bought three new shirts.

Ans
1. struck ✗
2. saw ✗
3. took ✓
4. set ✗

Q.4 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Versatile

Ans
1. Limited ✓
2. Beautiful ✗
3. Cruel ✗
4. Optimistic ✗

Q.5 The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.

The flat up / is full of / an awful lot / of junk.

Ans
1. of junk ✗
2. an awful lot ✗
3. is full of ✗
4. The flat up ✓

Q.6 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Sporadic

Ans
1. Scant ✗
2. Aromatic ✗
3. National ✗
4. Regular ✓

Q.7 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.
Dainty

Ans
1. Graceful ✗
2. Cute ✗
3. Exquisite ✗
4. Crude ✓

Q.8 Identify the INCORRECTLY spelt word in the following sentence.

The deligent student studied hard for the exam, earning a well-deserved top score on the test.

Ans
1. studied ✗
2. well-deserved ✗
3. deligent ✓
4. earning ✗

Q.9 In the sentence, 'The CEO's behaviour was impeccable', what is the ANTONYM of the word 'impeccable'?

Ans
1. Perfect ✗
2. Unblemished ✗
3. Spotless ✗
4. Faulty ✓

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.10 Select the most appropriate option to fill in the blank.

His presence of mind and _______ saved the life of the elderly woman.

Ans
1. fear ✗
2. cowardice ✗
3. carelessness ✗
4. audacity ✓

Q.11 Identify the sentence with the INCORRECT usage of an adverb.

Ans
1. Rohit completed already the project. ✓
2. She submitted the report today. ✗
3. They delivered the package yesterday. ✗
4. He will send the documents later. ✗

Q.12 Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.

I will have one more of these delicious rasgullas.

Ans
1. another ✓
2. both ✗
3. many ✗
4. either ✗

Q.13 Select the most appropriate option to fill in the blank.

She anticipates __________ the reports done by Saturday.

Ans
1. having ✓
2. had ✗
3. making ✗
4. has ✗

Q.14 Based on the situation in the sentence, select the most appropriate idiom to fill in the blank.

Despite the criticism, the artist took it in stride and considered it ______________.

Ans
1. as water under the bridge ✓
2. a chip on their shoulder ✗
3. a piece of cake ✗
4. break a leg ✗

Q.15 Rectify the sentence by selecting the correctly spelt word from the options.

He was able to deciphere the encoded messages with ease.

Ans
1. Decipher ✓
2. Deecipher ✗
3. Deciepher ✗
4. Deciipher ✗

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Indigenous communities (1)___________ the world are facing some of the most severe climate impacts. Indigeneous communities are not only (2)___________ on their surrounding ecosystems for their lives and livelihoods; "but their identities are also (3)___________deeply interwoven with the land and water. As a result, indigenous peoples (4)___________ efforts in climate change mitigation and adaptation across the globe. At the Center for Climate Justice, we (5)___________ relationships with indigenous communities by partnering with indigenous people.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16 Select the most appropriate option to fill blank no. 1.**

**Ans**
- ✗ 1. of
- ✗ 2. throughout
- ✗ 3. in
- ✓ 4. around

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Indigenous communities (1)___________ the world are facing some of the most severe climate impacts. Indigeneous communities are not only (2)___________ on their surrounding ecosystems for their lives and livelihoods; "but their identities are also (3)___________deeply interwoven with the land and water. As a result, indigenous peoples (4)___________ efforts in climate change mitigation and adaptation across the globe. At the Center for Climate Justice, we (5)___________ relationships with indigenous communities by partnering with indigenous people.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17 Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans**
- ✗ 1. relevant
- ✓ 2. reliant
- ✗ 3. relatable
- ✗ 4. relational

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Indigenous communities (1)___________ the world are facing some of the most severe climate impacts. Indigeneous communities are not only (2)___________ on their surrounding ecosystems for their lives and livelihoods; "but their identities are also (3)___________deeply interwoven with the land and water. As a result, indigenous peoples (4)___________ efforts in climate change mitigation and adaptation across the globe. At the Center for Climate Justice, we (5)___________ relationships with indigenous communities by partnering with indigenous people.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18 Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans**
- ✗ 1. seldom
- ✗ 2. only
- ✗ 3. too
- ✓ 4. also

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Indigenous communities (1)___________ the world are facing some of the most severe climate impacts. Indigeneous communities are not only (2)___________ on their surrounding ecosystems for their lives and livelihoods; "but their identities are also (3)___________deeply interwoven with the land and water. As a result, indigenous peoples (4)___________ efforts in climate change mitigation and adaptation across the globe. At the Center for Climate Justice, we (5)___________ relationships with indigenous communities by partnering with indigenous people.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans**
- ✗ 1. have leading
- ✗ 2. was leading
- ✓ 3. are leading
- ✗ 4. has leading

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Indigenous communities (1)___________ the world are facing some of the most severe climate impacts. Indigeneous communities are not only (2)___________ on their surrounding ecosystems for their lives and livelihoods; "but their identities are also (3)___________deeply interwoven with the land and water. As a result, indigenous peoples (4)___________ efforts in climate change mitigation and adaptation across the globe. At the Center for Climate Justice, we (5)___________ relationships with indigenous communities by partnering with indigenous people.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank no.5**

**Ans**
- ✗ 1. imitate
- ✗ 2. nominate
- ✗ 3. notice
- ✓ 4. nurture

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **नमन वैसे तो महामूर्ख है परंतु इस बार कक्षा में अव्वल आया है। इसे कहते हैं अंधे के सिर बटेर लगना।**
**रेखांकित पद के स्थान पर उचित शब्द बताइए।**

**Ans**
- ✗ 1. गले
- ✓ 2. हाथ
- ✗ 3. दिमाग
- ✗ 4. पैर

**Q.2** **निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए- राकेश घर बनाया।**

**Ans**
- ✓ 1. राकेश ने घर बनवाया।
- ✗ 2. राकेश से, घर बनाया।
- ✗ 3. राकेश का घर बनवाया।
- ✗ 4. राकेश की घर बनवाया।

**Q.3** **'आराधना' का उपयुक्त एकार्थक शब्द है -**

**Ans**
- ✗ 1. प्रेम
- ✗ 2. पढ़ाई
- ✗ 3. परिश्रम
- ✓ 4. तपस्या

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.4 'स्वधर्म' का विलोम शब्द है-

Ans
- ✗ 1. अधर्म
- ✓ 2. परधर्म
- ✗ 3. कुधर्म
- ✗ 4. अधम

Q.5 जिसे समझना कठिन हो – वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करें।

Ans
- ✗ 1. सुगम
- ✗ 2. सुबोध
- ✗ 3. दुर्गम
- ✓ 4. दुर्बोध

Q.6 निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए -

Ans
- ✓ 1. मेरे मित्र की पत्नी विद्वान् है |
- ✗ 2. सच बोलना मोहन की आदत है |
- ✗ 3. आत्मा अजर अमर होती है |
- ✗ 4. श्रेया की ससुराल जयपुर में है |

Q.7 निम्नलिखित वाक्य के किस खंड में अशुद्धि है?

मैंने यह बात उनके द्वारा सुनी थी।

Ans
- ✗ 1. बात
- ✓ 2. उनके द्वारा
- ✗ 3. सुनी
- ✗ 4. मैंने

Q.8 'किरण' का पर्याय निम्न में से है-

Ans
- ✗ 1. विद्युत
- ✗ 2. ज्योत्सना
- ✗ 3. ईहा
- ✓ 4. रश्मि

Q.9 'गोदान' प्रेमचंद की एक मशहूर ________ का नाम है ।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विदेशी शब्द है-

Ans
- ✓ 1. किताब
- ✗ 2. पुस्तक
- ✗ 3. उपन्यास
- ✗ 4. ग्रंथ

Q.10 'प्रख्यात' का विलोम शब्द नहीं है-

Ans
- ✗ 1. कुख्यात
- ✗ 2. प्रसिद्ध
- ✗ 3. विख्यात
- ✓ 4. ख्यात

Q.11 ________ आदमी का इलाज किसी वैद्य ने नहीं किया।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए विदेशी शब्द चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए।

Ans
- ✗ 1. निराश
- ✓ 2. गरीब
- ✗ 3. मूर्छित
- ✗ 4. निर्धन

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.12 निम्नलिखित वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?
ग्रीष्मकालीन दिनों में अमराई में घूमना अत्यंत भला लगता है

Ans
1. अमराई में घूमना
2. लगता है
3. ग्रीष्मकालीन काल में
4. अत्यंत भला

Q.13 दिए गये वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उचित शब्द के द्वारा कीजिए – हिमालय _________ का राजा है |

Ans
1. पर्वत छोटी
2. पर्वत माला
3. पर्वत
4. पर्वतों

Q.14 **निम्नलिखित वाक्य में वर्तनी संबंधी त्रुटि की पहचान करें।**

**इस जगत के कन-कन में ईश्वर विद्यमान है।**

Ans
1. विद्यमान
2. कन-कन
3. ईश्वर
4. जगत

Q.15 आपके विद्यालय में परिक्षा-परणाम कब तक घोषित होगा? 'परिक्षा-परणाम' के स्थान पर उचित शब्द होगा -

Ans
1. परीक्षा-परीणाम
2. परिक्षा-परिणाम
3. परीक्षा-परिणाम
4. परिक्षा-परीणाम

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
बापू ने हमेशा धनाढ्य लोगों को इस बात के लिए (1)_____ किया कि वे अपनी मर्जी से जनहित के लिए उस मुनाफे में से व्यय करें जो वे अपने व्यवसाय से कमाते हैं| बापू की यह अवधारणा नैसर्गिक न्याय के (2)______थी| वे (3)_____के प्राकृतिक सिद्धांत में विश्वास करते थे, जिसमें यह अवधारणा निहित थी कि प्रत्येक व्यक्ति उतना ही ले जो उसकी (4)___ आवश्यकता हो| ऐसा नहीं है कि भारत के औद्योगिक (5)____ ने जनहित की तरफ ध्यान न दिया हो|

**SubQuestion No : 16**

Q.16 उचित शब्द चुनकर गद्यांश में रिक्त स्थान (1) की पूर्ति करें-

Ans
1. निर्देशित
2. उद्वेलित
3. संचालित
4. प्रेरित

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
बापू ने हमेशा धनाढ्य लोगों को इस बात के लिए (1)_____ किया कि वे अपनी मर्जी से जनहित के लिए उस मुनाफे में से व्यय करें जो वे अपने व्यवसाय से कमाते हैं| बापू की यह अवधारणा नैसर्गिक न्याय के (2)______थी| वे (3)_____के प्राकृतिक सिद्धांत में विश्वास करते थे, जिसमें यह अवधारणा निहित थी कि प्रत्येक व्यक्ति उतना ही ले जो उसकी (4)___ आवश्यकता हो| ऐसा नहीं है कि भारत के औद्योगिक (5)____ ने जनहित की तरफ ध्यान न दिया हो|

**SubQuestion No : 17**

Q.17 उचित शब्द चुनकर गद्यांश में रिक्त स्थान (2) की पूर्ति करें-

Ans
1. समान
2. अनुरूप
3. प्रतिकूल
4. स्वरूप

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
बापू ने हमेशा धनाढ्य लोगों को इस बात के लिए (1)_____ किया कि वे अपनी मर्जी से जनहित के लिए उस मुनाफे में से व्यय करें जो वे अपने व्यवसाय से कमाते हैं| बापू की यह अवधारणा नैसर्गिक न्याय के (2)______थी| वे (3)_____के प्राकृतिक सिद्धांत में विश्वास करते थे, जिसमें यह अवधारणा निहित थी कि प्रत्येक व्यक्ति उतना ही ले जो उसकी (4)___ आवश्यकता हो| ऐसा नहीं है कि भारत के औद्योगिक (5)____ ने जनहित की तरफ ध्यान न दिया हो|

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **उचित शब्द चुनकर गद्यांश में रिक्त स्थान (3) की पूर्ति करें-**

**Ans**
- ✗ 1. विभाजन
- ✓ 2. वितरण
- ✗ 3. परिवर्तन
- ✗ 4. व्यवस्था

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
बापू ने हमेशा धनाढ्य लोगों को इस बात के लिए (1)_____ किया कि वे अपनी मर्जी से जनहित के लिए उस मुनाफे में से व्यय करें जो वे अपने व्यवसाय से कमाते हैं| बापू की यह अवधारणा नैसर्गिक न्याय के (2)______थी| वे (3)_____के प्राकृतिक सिद्धांत में विश्वास करते थे, जिसमें यह अवधारणा निहित थी कि प्रत्येक व्यक्ति उतना ही ले जो उसकी (4)___ आवश्यकता हो| ऐसा नहीं है कि भारत के औद्योगिक (5)____ ने जनहित की तरफ ध्यान न दिया हो|

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **उचित शब्द चुनकर गद्यांश में रिक्त स्थान (4) की पूर्ति करें-**

**Ans**
- ✓ 1. तात्कालिक
- ✗ 2. समकालीन
- ✗ 3. व्यक्तिगत
- ✗ 4. प्रथम

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
बापू ने हमेशा धनाढ्य लोगों को इस बात के लिए (1)_____ किया कि वे अपनी मर्जी से जनहित के लिए उस मुनाफे में से व्यय करें जो वे अपने व्यवसाय से कमाते हैं| बापू की यह अवधारणा नैसर्गिक न्याय के (2)______थी| वे (3)_____के प्राकृतिक सिद्धांत में विश्वास करते थे, जिसमें यह अवधारणा निहित थी कि प्रत्येक व्यक्ति उतना ही ले जो उसकी (4)___ आवश्यकता हो| ऐसा नहीं है कि भारत के औद्योगिक (5)____ ने जनहित की तरफ ध्यान न दिया हो|

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **उचित शब्द चुनकर गद्यांश में रिक्त स्थान (5) की पूर्ति करें-**

**Ans**
- ✓ 1. घरानों
- ✗ 2. समाजों
- ✗ 3. समूहों
- ✗ 4. प्रतिष्ठानों

Adda247